# राजस्थान समसामयिकी जनवरी, 2025

संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी जनवरी, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 6 January, 2025

- **राजस्थान सरकार दो बैंकों से प्रतिवर्ष 30 हजार करोड़ रुपए का ऋण लेगी; बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र से एमओयू किया–**

5 जनवरी, 2025 को बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ राजस्थान सरकार के दो एमओयू हुए।

एमओयू के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा अगले छह वर्षों में यानी 31 मार्च, 2030 तक, प्रति वर्ष 20 हजार करोड़ रुपए का ऋण प्रदान करेगा। इसके साथ ही, बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी प्रति वर्ष 10 हजार करोड़ रुपए का ऋण उपलब्ध कराएगा।

यह राशि राजस्थान सरकार की विभिन्न परियोजनाओं विशेषकर आधारभूत ढांचा क्षेत्र जैसे बिजली एवं नवीकरणीय ऊर्जा, सड़क, पेयजल और स्वच्छता के लिए उपयोग में ली जाएगी।

## Newspaper of 8 January, 2025

- **राज्य के मतदाताओं में पुरुषों से ज्यादा महिलाएं बढ़ीं; 1,000 पुरुष मतदाताओं पर महिला मतदाता 924 से बढ़कर 932–**

राजस्थान प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 45 लाख 69 हजार 501 पहुँच गई है, जिनमें 2 करोड़ 82 लाख 46 हजार 146 पुरुष, 2 करोड़ 63 लाख 22 हजार 684 महिला और 671 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इनमें 14 लाख 82 हजार 879 मतदाताओं की उम्र 18 से 19 साल है।

7 जनवरी, 2025 को जारी अंतिम मतदाता सूचियों में यह स्थिति सामने आई। लोकसभा चुनाव के मुकाबले पुरुष मतदाताओं की संख्या में 6 लाख 22 हजार 147 की बढ़ोतरी हुई है, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 27 हजार 102 बढ़ी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि लोकसभा चुनाव के समय प्रदेश में कुल 5 करोड़ 32 लाख 9 हजार 798 मतदाता थे, जो अब 5 करोड़ 45 लाख 69 हजार 501 हो गए। अक्टूबर 2024 में ड्राफ्ट मतदाता सूचियों के प्रकाशन के समय प्रदेश में प्रति 1000 पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या 924 थी, जो अब बढ़कर 932 हो गई। इसी तरह प्रति 1000 आबादी की तुलना में अक्टूबर में 650 मतदाता थे, जो अब बढ़कर 663 हो गए। मतदाता–जनसंख्या का यह अनुपात अब तक का सर्वाधिक है।

प्रदेश में सबसे अधिक 4,53,825 मतदाता जयपुर जिले के झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में है, जबकि जयपुर जिले के किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 1,97,009 मतदाता हैं। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में बगरू में सबसे अधिक 3,76,348 और धौलपुर जिले के बसेड़ी में सबसे कम 2,12,188 मतदाता हैं। इसी तरह जयपुर जिले के झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 2,18,669 महिला मतदाता हैं, जबकि सबसे कम 94,540 महिला मतदाता किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में हैं।

- **राजस्थान बाघ संरक्षण फाउंडेशन की बैठक, बच्चे फ्री में घूमेंगे टाइगर रिजर्व–वन संरक्षित क्षेत्र–**

राजस्थान के सरकारी स्कूलों के बच्चों को वन विभाग की ओर से टाइगर रिजर्व और संरक्षित वन क्षेत्रों का नि:शुल्क भ्रमण कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य स्कूली बच्चों में वन और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। यह निर्णय राजस्थान बाघ संरक्षण फाउंडेशन की द्वितीय बैठक में लिया गया। बैठक राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कॉन्फ्रेंस हॉल में वन मंत्री संजय शर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुई थी। उन्होंने रणथम्भौर, सरिस्का और अन्य टाइगर रिजर्वों में पर्यटकों के लिए रिफ्रेशमेंट और टॉयलेट की सुविधाओं से युक्त एक 'फैसिलिटी सेंटर' बनाने को कहा। वहीं पुराने किलों, बुर्जों का नवीकरण करने, इंटरप्रेटेशन सेंटर, सनराइज, सनसेट तथा साइटिंग पॉइंट्स बनाने के निर्देश दिए।

## Newspaper of 11 January, 2025

- **पंचायती राज का स्वरूप बदलने के लिए नई कैबिनेट कमेटी का गठन हुआ; मदन दिलावर को संयोजक बनाया–**

पंचायतों के स्वरूप में बदलाव के लिए सरकार ने नई कैबिनेट कमेटी बनाई है। वन नेशन वन इलेक्शन की दिशा में सरकार

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

का यह बड़ा निर्णय है। कमेटी में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को संयोजक बनाया गया है। कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, अविनाश गहलोत, सुमित गोदारा और राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म सदस्य होंगे। पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन के लिए कैबिनेट कमेटी काम करेगी। पुनर्गठन के तहत ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया जाएगा।

**कमेटी का काम :** कलेक्टरों को और प्रभावी बनाने के लिए कमेटी बनाई गई है। इसके पीछे कारण है कि पंचायती राज के फैसलों में फिलहाल कलेक्टरों का दखल कम है, इसलिए पंचायतों से जुड़े फैसले में विलंब होता है।

## Newspaper of 23 January, 2025

### ■ पीकेसी लिंक परियोजना अब रामजल सेतु लिंक परियोजना होगी; राजस्थान की 40% आबादी को उपलब्ध हो सकेगा जल–

पार्वती, कालीसिंध, चम्बल लिंक परियोजना (पीकेसी) अब रामजल सेतु लिंक परियोजना के नाम से जानी जाएगी।

22 जनवरी, 2025 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह ऐलान किया। सीएम ने कहा कि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भगवान् श्रीराम अयोध्या में जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में विराजमान हुए थे। श्रीराम ने सत्य की विजय के लिए समुद्र पर सेतु बनाकर एक छोर को दूसरे छोर से जोड़ने का काम किया। राजस्थान व मध्यप्रदेश को सुजलाम सुफलाम बनाने के लिए नदियों को जोड़ने की परियोजना बनाई गई। रामजल सेतु परियोजना के पूर्ण होने पर प्रदेश की 40% आबादी को पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा। इस परियोजना में चंबल और इसकी सहायक नदियों कुन्नू, कूल, पार्वती, कालीसिंध और मेज के सरप्लस वर्षा जल को बनास, मोरेल, बाणगंगा, रूपारेल, पार्वती, गंभीर नदी के बेसिनों में भेजा जाएगा।

**रामजल सेतु परियोजना एक नजर में**

- 4102 मिलियन क्यूबिक मीटर जल उपलब्ध हो सकेगा, इसमें 522 एमसीएम पुनर्चक्रित जल भी शामिल रहेगा।
- 17 जिलों को परियोजना से वर्ष 2054 तक पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित होगी।
- 3.25 करोड़ लोगों को पेयजल की उपलब्धता होगी।
- 2.50 लाख हेक्टेयर नए क्षेत्र में सिंचाई।
- 1.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए अतिरिक्त पानी की व्यवस्था हो सकेगी।

## Newspaper of 24 January, 2025

### ■ नए कानूनों के लिए राजस्थान मॉडल स्टेट चुना गया; सभी प्रावधान सबसे पहले यहाँ लागू होंगे–

हाल ही में तीन नए कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) की पालना के लिए केन्द्र ने राजस्थान को मॉडल स्टेट चुना है। नए कानूनों में होने वाले बदलाव सबसे पहले यहाँ लागू होंगे। इससे समय पर जाँच के साथ कोर्ट के नतीजे भी आएंगे। एफएसएल के उपयोग से विश्वसनीयता बढ़ेगी। पुलिस, कोर्ट व जेल के प्रोसेस में तकनीक से मानव श्रम बचेगा। देश में तीन नए कानून लागू होने के साथ थाने-जेल व कोर्ट की कार्रवाई को ऑनलाइन किए जाने का प्रावधान है।

### ■ राजस्थान राज्य का 19 फरवरी को बजट पेश होगा–

राजस्थान प्रदेश की सरकार का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू हो रहा है। राज्य सरकार 19 फरवरी को विधानसभा में अपना बजट पेश करेगी। भजनलाल सरकार का यह दूसरा बजट होगा। यह बजट सत्र दो चरणों में चलेगा।

बजट सत्र की शुरुआत के पहले दिन यानी 31 जनवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। ऐसे में उनका यह पहला अभिभाषण होगा। इसके बाद इस अभिभाषण पर बहस होगी। सात फरवरी को अभिभाषण पर हुई बहस पर सीएम जवाब पेश करेंगे। इसके बाद विधानसभा स्थगित हो जाएगी। विधानसभा का दूसरा चरण 19 फरवरी से शुरू होगा। पहले ही दिन सरकार बजट पेश करेगी। बजट वित्त मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

### ■ राजस्थान हाईकोर्ट को मिले 3 नए जज, अब संख्या 34 हुई–

हाल ही में विधि मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायिक अधिकारी कोटे से तीन नए जजों चन्द्रशेखर शर्मा, प्रमिल माथुर व चन्द्र प्रकाश श्रीमाली की नियुक्ति की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिसम्बर 2024 में इन तीनों को हाईकोर्ट जज नियुक्त करने की सिफारिश की थी। अब राजस्थान हाईकोर्ट में सीजे सहित कुल 34 जज हो जाएंगे। लेकिन इसके बाद भी 16 पद खाली रहेंगे। इन तीनों जजों में प्रमिल कुमार माथुर फिलहाल हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल हैं। जबकि चन्द्रप्रकाश श्रीमाली पूर्व में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रह चुके हैं और अभी जयपुर मेट्रो-द्वितीय के जिला व सेशन न्यायाधीश के पद पर हैं। वहीं चन्द्रशेखर शर्मा भी वरिष्ठ जिला व सेशन न्यायाधीश हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 26 January, 2025

- **आईजी सत्येन्द्र सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक, 16 को पुलिस पदक मिलेगा; केन्द्रीय गृह मंत्रालय की घोषणा–**

  25 जनवरी, 2025 को केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान पुलिस के आईजी सत्येंद्र सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक व आईजी विकास कुमार सहित 16 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस-पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है। विशिष्ट सेवा के लिए पुलिस महानिरीक्षण सत्येंद्र सिंह का राष्ट्रपति पुलिस पदक के लिए चयन किया गया है।

## Newspaper of 28 January, 2025

- **निशानेबाज मिठारवाल नेशनल गेम्स में राजस्थान के ध्वजवाहक होंगे–**

  उत्तराखंड में मंगलवार से शुरू हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज ओमप्रकाश मिठारवाल राजस्थान दल के ध्वजवाहक होंगे। इन खेलों में राजस्थान का 421 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है।

## Newspaper of 31 January, 2025

- **हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा नई आबकारी नीति जारी की गई है। यह नीति पहली बार एक साथ चार साल के लिए जारी की गई है, जिसमें हर साल गारंटी राशि 10 प्रतिशत बढ़ाने का प्रावधान है। इस नीति में दुकानों की संख्या 7665 यथावत रखी गई है तथा होटल, बार-संचालकों को बड़ी राहत देते हुए न्यूनतम कमरों की संख्या 20 से घटाकर 10 कर दी गई हैं। इस नीति के तहत अब एयरपोर्ट पर भी बार खोला जा सकेगा। राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति 1 अप्रेल, 2025 से 31 मार्च, 2029 तक लागू रहेगी।**

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**49 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## कैलाश नागौरी की शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित हिन्दी की प्रसिद्ध पुस्तकें बाजार में उपलब्ध




## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com